

# पंचायत घोटाले की शिकायत बनी जान की दुश्मन

## कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार, मामला जनपद बैढ़न के ग्राम पंचायत पड़री खूटा टोला का

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 जून। जिले के जनपद पंचायत बैढ़न के माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पड़री खूटा टोला निवासी रामकेश पाल ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत पड़री राजा टोला में हुए कथित वित्तीय अनियमितताओं और निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत करने के बाद उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। आवेदन में उन्होंने सरपंच प्रतिनिधि संजय सिंह पर झूठे मुकदमों में फंसाने तथा जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।**




जनपद पंचायत बैढ़न के ग्राम पड़री खूटा टोला के रामकेश पाल का कहना है कि उन्होंने पंचायत के निर्माण कार्यों, पंचायत निधि तथा अन्य मदों की राशि में कथित घोटाले और गबन की शिकायत जिला प्रशासन से की थी। इसके बाद से उन्हें लगातार दबाव में रखने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव की एक महिला के माध्यम से उनके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई गई। बाद में संबंधित पक्ष द्वारा समझौता कर लेने के बावजूद उन्हें धमकियां मिलती रहीं। आवेदन में कहा गया है कि उन्हें वाहन से कुचलकर जान से मारने की धमकी तक दी गई है, जिससे वे और उनका परिवार भय के माहौल में जीवन यापन कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने पंचायत में कई प्रकार की अनियमितताओं का भी उल्लेख किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों से पंचायत की नियमित बैठकें नहीं हुईं और पंचों के कथित फर्जी हस्ताक्षर कर वित्तीय प्रस्ताव पारित किए गए। इसके अलावा विभिन्न पीसीसी सड़क, नाली, चबूतरा एवं पुल निर्माण कार्यों में घटिया गुणवत्ता का उपयोग कर सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने की शिकायत की गई है।

फिलहाल मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यदि शिकायतों की निष्पक्ष जांच होती है तो पंचायत स्तर पर हुए कथित भ्रष्टाचार और धमकी के आरोपों की सच्चाई सामने आ सकती है। प्रशासनिक कार्रवाई पर अब क्षेत्रवासियों की नजरें टिकी हुई हैं। पीड़ित ने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत करा चुका है, इसके बावजूद कार्रवाई नही हो रही है।

### शिकायत के बाद भी भ्रष्टाचार की नहीं हुई जांच

आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कई निर्माण कार्य स्वीकृत स्थानों के बजाय अन्य स्थानों पर कराए गए तथा कुछ कार्य कागजों में ही पूरे दिखाकर राशि निकाल ली गई। शिकायतकर्ता के अनुसार कई निर्माण कार्य शुरू होने के कुछ ही समय बाद क्षतिग्रस्त हो गए, जो गुणवत्ता पर सवाल खड़े करते हैं। रामकेश पाल ने मनरेगा एवं 15वें वित्त आयोग की राशि के भुगतान में भी गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ऐसे लोगों के नाम पर मस्टर रोल तैयार कर भुगतान दिखाया गया, जो निजी कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं या गांव से बाहर रहते हैं। उन्होंने ऐसे कई व्यक्तियों के नाम भी आवेदन में दर्ज कर जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन से पंचायत के समस्त निर्माण कार्यों, वित्तीय लेन-देन तथा मनरेगा भुगतान की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने आरोपित व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई और स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की गुहार लगाई है।

# बाल श्रम पर जिला प्रशासन का प्रहार

## मेले और मिष्ठान भंडार में कार्यरत 6 बच्चे कराए गए मुक्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 जून। जिला प्रशासन द्वारा बाल श्रम के उन्मूलन और बच्चों के सुरक्षित भविष्य को लेकर आज एक विशेष संयुक्त निरीक्षण अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है।**



कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार गठित संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अलग-अलग व्यावसायिक स्थलों से कुल 5 किशोर श्रमिकों और 1 बाल श्रमिक को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। प्रशासन की इस औचक दबिश से बाल श्रम कराने वाले नियोजकों में हड़कंप मच गया है। अभियान के दौरान श्रम निरीक्षक, बाल संरक्षण अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई और एनजीओ की संयुक्त टीम ने एनसीएल ग्राउंड में संचालित मेले एवं कचनी मोड़ स्थित गुप्ता मिष्ठान भंडार पर अचानक छापा मारा। इस सघन तलाशी और औचक निरीक्षण के दौरान टीम ने कार्यस्थलों पर काम कर रहे मासूमों को मुक्त कराया। मुक्त कराए गए सभी 6 बाल व किशोर श्रमिकों को तुरंत वैधानिक प्रक्रिया के तहत बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से अब उनके सुरक्षित पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दूसरी ओर मासूमों से श्रम कराने वाले संबंधित नियोजकों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। इन सभी नियोजकों के विरुद्ध बाल श्रम प्रतिषेध और विनियमन अधिनियम 1986 के कड़े प्रावधानों के तहत वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। जिला प्रशासन ने साफ लहजे में चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। बाल श्रम कराने वालों के विरुद्ध प्रशासन जीरो टॉलरेंस शून्य सहिष्णुता की नीति पर काम कर रहा है और उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर में



### रोजगार मेले में 126 आवेदकों का प्रारंभिक चयन

**सिंगरौली।** म.प्र. शासन की मंशानुसार जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन एवं जिपं सीईओ जगदीश गोमे के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तरीय युवा संगम रोजगार, स्व.रोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन शासकीय आईटीआई सिंगरौली में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा आईटीआई सिंगरौली के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। रोजगार मेले में शामिल 10 संस्थाओं एवं कंपनियों द्वारा कुल 126 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया, जिनमें 9 महिला आवेदक भी शामिल रहीं। युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए 57 आवेदकों को ऑफर लेटर वितरित किए गए।



### कलेक्टर ने 383 आवेदनों पर की जनसुनवाई

**सिंगरौली।** जिले के विभिन्न अंचलों से आए नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर गौरव बैनल ने उपस्थित होकर कुल 383 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों से कई आवेदनों का तत्काल निराकरण कराया। जनसुनवाई में अधिकांश शिकायतें विद्युत व्यवस्था से संबंधित प्राप्त हुईं। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति एवं रखरखाव कार्यों में तत्परता लाते हुए आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### डॉ. विनोद राय का डिग्री कॉलेज बैढ़न में तबादला

**सिंगरौली।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय महाविद्यालय बरगवां में पदस्थ



वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. विनोद राय का स्थानांतरण शासकीय डिग्री कॉलेज बैढ़न में किया गया है। विभागीय आदेश के अनुसार यह तबादला डॉ. राय के स्वयं के व्यय पर किया गया है। स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद महाविद्यालयीन एवं क्रीड़ा जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. विनोद राय लंबे समय से शासकीय महाविद्यालय बरगवां में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके कार्यकाल में विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों से जोड़ने तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अब डिग्री कॉलेज बैढ़न में उनकी पदस्थापना से वहां के विद्यार्थियों को भी उनके अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ मिलेगा।



# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं : डॉ. राजेश

## सांसद ने किया निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 जून। आज दिन मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे प्रातः भ्रमण के दौरान सीधी-सिंगरौली लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा देवसर विधानसभा अंतर्गत ग्राम भैसाबुड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने गोपद नदी पर निर्माणाधीन नवीन पुल सहित क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद ने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया।**

निरीक्षण के दौरान सांसद ने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि विकास परियोजनाओं का लाभ आम जनता तक समय पर पहुंचना चाहिए। गोपद नदी पर बन रहा यह महत्वपूर्ण पुल म.प्र. के धनगढ़ और छत्तीसगढ़ के रसगंडा गांव को जोड़ने का कार्य करेगा। पुल के निर्माण से दोनों राज्यों के बीच आवागमन आसान होगा, साथ ही क्षेत्र में व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच बेहतर होगी। सांसद ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। निरीक्षण के दौरान उपसरपंच राकेश वर्मा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

# महिला कर्मी ने पीएचई विभाग की खोली पोल, मामला पकड़ा तूल

## चार साल से एक ही जगह जमे अधिकारी पर उठे सवाल, प्रभारी मंत्री की छत्रछाया

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 जून। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एक बार फिर चर्चाओं और विवादों के केंद्र में है। विभाग में पदस्थ एक महिला कर्मी के साथ कथित तौर पर किए जा रहे व्यवहार को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिसका एक वीडियों सोशल मीडियां में वायरल हो रहा है। महिला ने अपनी समस्या को सुनाई है। हालांकि नवभात उक्त वीडियो की पुष्टि नही करता है।**



आरोप है कि एक महिला कर्मी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट दूर करने और खराब पड़े शासकीय हैंडपंपों की मरम्मत के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं, लेकिन उन्हें विभागीय स्तर पर अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। सूत्रों के अनुसार जिले के कई गांवों में हैंडपंप खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि जब हैंडपंप मरम्मत के लिए आवश्यक पाइप और सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की गई तो संबंधित अधिकारी समस्या का समाधान करने के बजाय अन्य जानकारियां मांगने लगे। इसको लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और लोगों का कहना है कि यदि समय पर मरम्मत कार्य हो जाए तो ग्रामीणों को राहत मिल सकती है। विभाग के एक कार्यपालन यंत्री को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। बताया जा रहा है कि वे पिछले लगभग चार वर्षों से बैढ़न में पदस्थ हैं। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी है कि विभाग में समय-समय पर करोड़ों रुपये की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार संबंधी आरोप सामने आने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। कुछ लोगों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों पर प्रभारी मंत्री की विशेष मेहरबानी होने के कारण जवाबदेही तय नहीं हो पा रही है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

### मानसिक तनाव से जूझ रही महिला ने लगाई फांसी

**सिंगरौली 16 जून (एनबीएन)।** जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमतिहवा में एक 40 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान जुकमन सिंह गोंड पत्नी राय सिंह गोंड निवासी जमतिहवा के रूप में हुई है। मर्ग सूचना के अनुसार मृतका के देवर लालबहादुर सिंह गोंड ने बताया कि महिला लंबे समय से मानसिक असंतुलन की समस्या से ग्रस्त थी।

# शिविर में हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभान्वित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 जून। ननि आयुक्त सविता प्रधान के निर्देशन में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक आसानी से पहुँचाने के उद्देश्य से अटल सामुदायिक भवन में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।**



इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और हितग्राही पहुँच रहे हैं, जहाँ संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही उनकी समस्याओं का निराकरण कर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में मुख्य रूप से आयुष्मान कार्ड, पात्रता पर्ची, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के आवेदनों की स्क्रूटनी कर तुरंत स्वीकृति प्रदान की जा रही है। आयुक्त के निर्देशों के परिपालन में आयोजित इस शिविर में ननि डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार अपाची बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत

**सिंगरौली 16 जून (एनबीएन)।** जिले के जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कारी निवासी 60 वर्षीय फूलकेश सिंह गोंड की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वृद्धा मंगलवार दोपहर गेहूं पिसाने के लिए ग्राम जोगिनी गई थीं। चक्की पर गेहूं रखने के बाद वह वापस घर लौट रही थीं। इसी दौरान करीब 2:30 बजे मुख्य मार्ग पर देवसर की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही अपाची मोटरसाइकिल क्रमांक यूपी 54 डब्ल्यू 1644 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वृद्धा के सिर, चेहरे, दाहिने हाथ और बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं हैं।

# स्वरोजगार के जरिए आत्मनिर्भर बनेंगी स्थानीय युवतियां

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 जून। एनसीएल की झिंगुरदह परियोजना की सुगंधा महिला समिति ने कृति महिला मंडल की मुहिम एक कदम के तहत स्थानीय युवतियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की है।**



महिला समिति द्वारा क्षेत्र के रानी दुर्गावती स्वयं सहायता समूह एसएचजी को स्वरोजगार के बेहतर साधन और अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस पहल के तहत युवतियों को अपने व्यवसाय के संचालन के लिए ननि के सहयोग से झिंगुरदह कोऑपरेटिव में एक दुकान का आवंटन किया गया है। इस दौरान दुकान के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सिलोक्स एवं कृति महिला मंडल अध्यक्षा बीके दुर्गा एवं केएमएम उपाध्यक्षा नम्रता कुमार, शीला द्विवेदी एवं रूबी जायसवाल सहित अन्य सदस्याएं तथा अन्य लोग मौजूद रहे। सुगंधा महिला समिति के इस प्रयास से उक्त युवतियों को अपने जूट उत्पादों, सिलाई और ब्यूटी पार्लर के लिए एक स्थायी स्थान मिलने के साथ-साथ उनकी कार्यक्षमता और व्यावसायिक पहुंच में भी वृद्धि होगी।

### अपर कलेक्टर व एएसपी का हो स्थायी कार्यालय : रमापति

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 जून। देवसर क्षेत्र में अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का स्थायी कार्यालय स्थापित किए जाने की मांग तेज हो गई है।**



वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व सरपंच रमापति शुक्ला ने कहा है कि वर्तमान में देवसर में अपर कलेक्टर की लिंक कोर्ट महीने में केवल एक बार लगती है, जिससे राजस्व एवं अन्य प्रशासनिक मामलों के निराकरण में अनावश्यक देरी होती है। उन्होंने कहा कि देवसर, सरई, निवास सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपने छोटे-बड़े कार्यों के लिए लगभग 60 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय बैढ़न जाना पड़ता है। वहीं निवास क्षेत्र के लोगों के लिए यह दूरी और भी अधिक हो जाती है, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों दोनों का अतिरिक्त भार उठाना पड़ता है। तो वही चितरंगी जनपद के बहुत से गांव के लोगों को जिनकी दूरी जिला मुख्यालय बैढ़न के मुकाबले देवसर नजदीक पड़ती है उनको भी सहूलियत होगी।

# टीईटी अनिवार्यता से पुराने शिक्षकों को छूट देने की मांग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 जून। म.प्र. शिक्षक कांग्रेस जिला इकाई सिंगरौली ने कार्यरत एवं पुराने शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त रखने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।**



यह ज्ञापन कलेक्टर सिंगरौली के माध्यम से भेजा गया, जिसमें शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई में आवश्यक संशोधन करने का आग्रह किया गया है। जिलाध्यक्ष रमेश प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि कक्षा 1 से 8वीं तक अध्यापन करा रहे अनेक शिक्षक पिछले 20 से 25 वर्षों से शासकीय विद्यालयों में सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे शिक्षकों पर अब टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता लागू होने से उनकी सेवा सुरक्षा और वरिष्ठता पर संकट उत्पन्न हो गया है।

ज्ञापन में तर्क दिया गया है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2010 में टीईटी को न्यूनतम योग्यता घोषित किया था। इससे पहले नियुक्त शिक्षक तत्कालीन भर्ती नियमों के तहत वैध रूप से चयनित हुए थे, इसलिए बाद में बने नियमों को भूतलक्षी प्रभाव से लागू करना उचित नहीं है।

### बालू ट्रैक्टर की टक्कर से नाबालिग घायल

**सिंगरौली 16 जून (एनबीएन)।** कोतवाली क्षेत्र के गनियारी पेट्रोल पंप के सामने मंगलवार को तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर ने एक नाबालिग बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर भागने लगाए लेकिन परिजनों और स्थानीय लोगों ने पीछा कर उसे देवरा बस्ती में पकड़ लिया। बाद में चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि शहर और आसपास की सड़कों पर बालू लदे ट्रैक्टर बेलगाम दौड़ रहे हैं।

# उत्पादन व उत्पादकता के साथ सुरक्षा को समान प्राथमिकता देना आवश्यक है : उज्ज्वल

## एनसीएल में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के पारितोषिक वितरण समारोह का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 जून। एनसीएल में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन सोमवार को खड़िया क्षेत्र में किया गया।**



खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस, वाराणसी क्षेत्र के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य एनसीएल सहित सिंगरौली परिक्षेत्र स्थित कोयला खदानों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सुरक्षित कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करना तथा शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को साकार करना है। समारोह में महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय, उज्ज्वल ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह में श्रमिक संघ जेसीसी सदस्य सीएमओएआई के महासचिव, सेफ्टी बोर्ड के सदस्यगण, सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधक तथा मुख्यालय के विभागाध्यक्ष भी शामिल हुए। वहीं वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित, महानिदेशक , डीजीएमएस उज्ज्वल ता ने एनसीएल द्वारा उत्पादन के क्षेत्र में स्थापित उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उत्पादन एवं उत्पादकता के साथ सुरक्षा, स्वास्थ्य और श्रमिक कल्याण को समान प्राथमिकता देना आवश्यक है।

उज्ज्वल ता ने हरित खनन, जीरो हार्म लक्ष्य, सुरक्षा संस्कृति में सकारात्मक बदलाव एवं सेल्फ रेगुलेशन की आवश्यकता पर बल दिया।